नगर क्षेत्र में डीएम और एसएसपी किया रूटमार्च

गोरखपुर, १ नवम्बर। सनातन धर्मके प्रमुख त्यौहारों में सुमार धनतेरस और दीपावली की सुरक्षा को लेकर पुलिस अभी से अलर्ट मोड में है। उक्त त्यौहारों की तैयारी में जुटे



व्यापारियों की सुरक्षा और त्यौहार को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से रविवार को जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने थाना कैंट क्षेत्र में रेलवे तिराहा से रोडवेज तिराहा तक पैदल गश्त कर किया, इस दौरान जिले के आलाधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने बाजार, प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की स्थिति देखी। त्योहारों के दौरान बढ़ने वाली भीड़, वाहनों के दबाव और आम नागरिकों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।डीएम और एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और आम लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए गए।मानव दृष्टिकोण से देखा जाए तो त्योहार

♦ धनतेरस और दीपावली की सुरक्षा को लेकर मातहतों को दिये निर्देश

लोगों के लिए खुशी, खरीदारी और परिवार के साथ समय बिताने का अवसर होते हैं। ऐसे में सुरक्षित माहौल और निर्बाध यातायात व्यवस्था लोगों की खुशियों को और बेहतर बनाती है। प्रशासन का यह पैदल मार्च इसी भरोसे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों से कहा कि सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों के प्रति व्यवहार भी संवेदनशील और सहयोगात्मक रहे। इस दौरान अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

अब अपराध मुक्त उत्तम प्रदेश है उत्तर प्रदेश-योगी

गोरखपुर, १ नवम्बर। क्रांतिकारियों की धरती चौरीचौरा में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रेलवे समपार फाटक संख्या 147बी पर नवनिर्मित ओवरब्रिज का लोकार्पण किया। उन्होंने ओवरब्रिज को देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले क्रांतिकारियों को समर्पित करते हुए इसका नाम शहीद ओवरब्रिज रखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र में 287 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की 84 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद शहीद स्मारक पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और जनसभा को संबोधित किया। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार अपने संबोधन में उन्होंने चौरीचौरा के क्रांतिकारियों के बलिदान को नमन करने के साथ ही प्रदेश की कानून-व्यवस्था, विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौरीचौरा की धरती का देश की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। यहां के क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष कर स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। चौरीचौरा की बात होने पर उन 172 देशभक्तों की याद आती है, जिन्हें अंग्रेजी शासन ने फांसी की सजा सुनाई थी। उन्होंने भगवान अहीर, नजर अली, लाल मोहम्मद, मेघू तिवारी, अब्दुल्ला, महादेव, विक्रम अहीर, लौटू कहार और कालीचरण समेत जनक्रांति में फांसी की सजा पाने वाले क्रांतिकारियों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन क्रांतिकारियों को सजा से बचाने के लिए महामना मदन मोहन मालवीय ने प्रयास किया था। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज नेहरू को बड़ा अधिवक्ता बताया जाता है, लेकिन उस समय क्रांतिकारियों को सजा से बचाने के लिए नेहरू सामने नहीं आए थे बल्कि मदन मोहन मालवीय सामने आए थे। उन्होंने कहा कि मालवीय को भारत रत्न से सम्मानित करने का काम उनकी सरकार ने किया।

चार साल पहले जाम से जूझता था भोपा बाजार

ओवरब्रिज का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चार फरवरी 2022 को अमृत महोत्सव के दौरान जब वह चौरीचौरा आए थे, तब भोपा बाजार के रेलवे फाटक पर भीषण जाम लगता था। आज यहां ओवरब्रिज बन जाने से क्षेत्र के लोगों का लंबे समय से देखा जा रहा सपना साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा ने देश को पहचान देने का काम किया है, इसलिए इस ऐतिहासिक धरती को सम्मान देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने ओवरब्रिज को शहीदों को समर्पित करते हुए इसका नाम शहीद ओवरब्रिज रखने की घोषणा की। उन्होंने शहीद बंधू सिंह की देशभक्ति और वीरता का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रसिद्ध शक्तिपीठ देवी तरकुलहा के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु शहीद बंधू सिंह के स्मारक पर भी नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि चौरीचौरा और गोरखपुर का नाम देश में एक-दूसरे के पूरक के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में विशेष स्थान रखता है।

अपराध के गढ़ से विकास की धरती बना प्रदेश



♦ सीएम योगी ने चौरीचौरा में किया 287 करोड़ रुपये से अधिक की 84 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने उत्तर प्रदेश को अपराध का गढ़ बना दिया था, लेकिन उनकी सरकार ने इसे उत्तम प्रदेश बनाने का काम किया है। आज प्रदेश पतन की धरती नहीं, बल्कि विकास की धरती बन चुका है। उन्होंने कहा कि पहले दंगों और अराजकता की खबरें सामने आती थीं, जबकि अब प्रदेश में दंगों की जगह उत्सव का माहौल है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था में सुधार के कारण प्रदेशवासियों की पहचान बदली है। अब देश-विदेश में उत्तर प्रदेश से आने वाले लोगों को सम्मान की नजर से देखा जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चौरीचौरा के बलिदानियों ने देश को गौरवशाली पहचान दी है। उनकी स्मृतियों को सहेजना और क्षेत्र का विकास करना सरकार की जिम्मेदारी है। ओवरब्रिज का लोकार्पण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

गांव-गांव पहुंची विकास की किरण - कमलेश

अपने संबोधन में बांसगांव सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि भाजपा की सरकार ने पिछले दस वर्षों में विकास की किरण को गांव गांव, घर घर तक पहुंचाने का काम किया। पिछले दस वर्षों में चौरीचौरा का जो विकास हुआ है वह न तो कभी हुआ और न कभी होगा। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए उपस्थित लोगों से आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

चलाई जाए बंद पड़ी चीनी मिल-सरवन निषाद

अपने स्वागत भाषण में चौरीचौरा के विधायक ई. सरवन निषाद ने कहा कि चौरीचौरा की इस क्रांतिकारी और माता तरकुलहा की इस धरती पर मुख्यमंत्री का आना एक आशीर्वाद है। इसी धरती से अमृत महोत्सव का आगाज हुआ। जिसका श्रेय मुख्यमंत्री को जाता है। चौरीचौरा ओवरब्रिज एक सपना था जो मुख्यमंत्री जी के कारण साकार हो सका है। उन्होंने प्रदेश सरकार के सहयोग से चौरीचौरा में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री से मांग किया कि बंद पड़ी सरैया चीनी मिल को चालू कराया जाए और स्थानीय व्यापारियों की मांग को देखते हुए ओवरब्रिज को वाई मॉडल में बनाया जाए। जिस पर अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने वाई मॉडल बनाने की बात तो की लेकिन यह भी कहा कि निर्माण कार्य से किसी व्यापारी का नुकसान नहीं होना चाहिए। चीनी मिल चलवाने के मुद्दे पर उन्होंने कुछ नहीं कहा।

मुख्यमंत्री ने शहीदों को किया नमन

मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर 11.10 बजे फुटहवाइनार स्थित बने हेलीपैड पर उतरा। जहां से सड़क मार्ग से मुख्यमंत्री भोपा बाजार स्थित ओवरब्रिज पर पहुंचे और फीता खोलकर ओवरब्रिज को जनता के लिए समर्पित किया। यहां से मुख्यमंत्री सीधा शहीद स्मारक पहुंचे और वहां स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उन्होंने चौरीचौरा के शहीदों के साथ देश के शहीदों को नमन किया। इसके बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित किया।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैंने अपना नाम कुंदन से बदलकर कुंदन कुमार कर लिया है।मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **कुंदन कुमार** पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम बरथा बेल. वनिया, पोस्ट रामकोला, जिला कुशीनगर

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2568359 का मूल प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। **शाहीन परवीन** पुत्री समरुज्जमा अंसारी, ग्राम महदेवा, बड़हलगंज, जिला गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2854169 का अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **शमशाद अली** पुत्र अकबाल ग्राम ताल्ही जनपद महराजगंज

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD ANISH से बदलकर MOHD ANEESH रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **MOHD ANEESH** पुत्र MOHAMMAD ISLAM ग्राम-चौरा पोस्ट-अमरौली सुमाली जिला-बस्ती

Notice- I RAJ BALA SHARMA Mother of RAJKUMAR resident of V+P-SOOP DIST- BAGPAT (U.P.) PIN-250623. have changed my name from **RAJ BALA SHARMA** to **BALA** vide affidavid No. IN-UP81146439370 7Y dated 15 Sep 2026 befor CIVIL COURT, GORAKJPUR.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम BIJAI PAL से बदलकर VIJAY PAL रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **VIJAY PAL** पुत्र SHIVPOOJAN निवासी भंडारो, पोस्ट जगतबेला, जिला गोरखपुर 273015

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD JAHIR से बदलकर MOHAMMAD JAHEER रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **MOHAMMAD JAHEER** पुत्र MOHAMMAD YUNUS ग्राम-भुअर निरंजनपुर पोस्ट-गांधी नगर जिला-बस्ती

विष्णु मंदिर रामलीला में लक्ष्मण ने काटी सूपर्णखा की नाक

गोरखपुर, १ नवम्बर। श्री विष्णु मंदिर असुरन में रामलीला मे आज सीता हरण का मंचन किया गया। लीला में श्रीराम, लक्ष्मण और सीता जी पंचवटी में कुटिया बनाकर निवास कर रहे हैं।तभी रावण की बहन सूर्पणखा श्रीराम को देखकर मोहित हो जाती है और सुंदर स्त्री का रूप बनाकर विवाह का प्रस्ताव रखती है। श्रीराम कहते हैं-मेरा विवाह हो चुका है, तुम लक्ष्मण के पास जाओ। लक्ष्मण भी मना कर देते हैं। बार-बार तिरस्कृत होने पर सूर्पणखा अपना विकराल रूप धारण कर सीता जी को खाने दौड़ती है, तभी लक्ष्मण जी तलवार से उसकी नासिका काट देते हैं। क्रोधित सूर्पणखा अपने भाइयों खर-दूषण के पास जाती है, जो सेना लेकर राम पर आक्रमण करते हैं। श्रीराम अकेले ही पूरी सेना का संहार कर देते हैं। अब सूर्पणखा लंका जाकर भाई रावण को सारा वृत्तांत सुनाती है। रावण पुष्पक विमान से मामा



मारीच के पास जाता है और योजना बनाता है। विवश होकर मारीच स्वर्ण मृग बनकर कुटिया के पास जाता है। सीता जी मृग पर मोहित होकर राम से उसे लाने को कहती हैं। राम मृग का पीछा करते हैं। दूर जाकर तीर लगने पर मारीच राम की आवाज में हा लक्ष्मण चिल्लाता है। सीता व्याकुल होकर लक्ष्मण को भेजती हैं, कटु वचन कहती हैं। लक्ष्मण एक रेखा खींचते हैं-माता, इस लक्ष्मण रेखा से बाहर मत जाइएगा- और चले जाते हैं। तभी रावण साधु वेश में भिक्षा मांगने आता है जैसे ही सीता रेखा से बाहर आती हैं, रावण उनका हरण कर पुष्पक विमान पर ले जाता है। मार्ग में गिद्धराज जटायु का रावण पंख काट देता है। कुटिया में लौटकर सीता को न पाकर राम-लक्ष्मण विलाप करते खोजते हैं, तभी जटायु मिलते हैं और सारा वृत्तांत बताते हैं।

मेगा हेल्थ एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन

गोरखपुर, १ नवम्बर। सिनर्जी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में रविवार को पुलिस लाइन स्थित व्हाइट हाउस में पुलिस कर्मियों, उनके परिवारजनों एवं विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं के लिए मेगा हेल्थ एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का सफल आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देने के साथ विभिन्न बीमारियों की जांच और उपचार से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई। शिविर का उद्देश्य पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान के महत्व को समझाना रहा। पुलिसकर्मियों की व्यस्त और चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के बीच अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।



वहीं, विभिन्न विद्यालयों से पहुंची छात्राओं को महिला स्वास्थ्य और कैंसर से संबंधित जरूरी जानकारियां देने के साथ विशेषज्ञों से सीधे परामर्श लेने का अवसर मिला। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर गोरखपुर और सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अस्पताल की ओर से प्रबंध निदेशक डॉ. आलोक तिवारी, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सौरभ मिश्रा और एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर डॉ. अंजलि जैन ने शिविर में सहभागिता की। अस्पताल प्रबंधन की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के माध्यम से अलग-अलग चिकित्सा विधाओं से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम समृद्धि शाही से बदलकर जैश्वी शाही रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए।**जैश्वी शाही** पुत्री देवेंद्र प्रताप शाही 268 एल शक्ति नगर कॉलोनी बशारतपुर पूर्वी गोरखपुर 273003

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आशमा खातून से बदलकर आसमा खातून मोहम्मद जमा खान रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **आसमा खातून मोहम्मद जमा खान** पत्नि मोहम्मद जमा अब्दुल वहाब खान निवासी रोहुआ, पोस्ट तेलौरा, जिला सिद्धार्थनगर

Notice- I, Yuvraj Singh S/o Vinod Kumar Singh, R/o - 52, Newada, P.O. Belkur, District Gorakhpur, U.P. 273411, my high school marksheet for the year 2022 Roll no 23166738 my mother's name has been recorded as SANGEETA SINGH, whereas the correct name is SANGITA SINGH. My mother should be known and recognized as **SANGITA SINGH.**

कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1724/4 लेखा/2026-27 दिनांक 23-10-2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्योरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग के **'ए, बी, सी एवं डी'** श्रेणी के पात्र **भवन कार्य** हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से **प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, महराजगंज** के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	उपखण्ड	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (पूर्ण अंक में)
1	2	3	4	5	6	7
1	महराजगंज	आवासीय भवनों का सामान्य मरम्मत का कार्य।	9.90	0.99	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 **02-11-2026 से 13-11-2026** तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक **13-11-2026** को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड **दि0 13-11-2026** को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि **13-11-2026** को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजकुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

उ.प्र.-259890/दिनांक 29-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय जिलाधिकारी, गोरखपुर (खनन अनुभाग)

पत्रांक-966(A)/खनिज/विज्ञप्ति बालू नीलामी/2026-27 दिनांक 29-10-2026

ई-निविदा सह ई-नीलामी आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद गोरखपुर में नदी तल में उपलब्ध सा0 बालू के खनन क्षेत्र को शासनादेश संख्या 1875/86-2017 टी0सी0आई0 दिनांक 14.08.2017 तथा तत्क्रम में निर्गत शासनादेश संख्या 2168/86-2019-57 (सामा0)/2017 दिनांक 09.10.2019 जिसके द्वारा उ0प्र0 उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के अध्याय-4 के अंतर्गत ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से खनन परिहार स्वीकृत किये जाने के निर्देश दिये गये है-

जनपद गोरखपुर में रिक्त खनन पट्टा क्षेत्रों को परिहार पर व्यवस्थित किया जाता है जिसका विवरण निम्नवत् है :-

क्र0 सं0	उप खनिज का नाम	नदी का नाम	क्षेत्र का विवरण: तहसील	ग्राम	गाटा सं0/खण्ड सं0/जोन सं0	क्षेत्र फल (है0 में)	जियोकार्डिनेट बिन्दु-A बिन्दु-B बिन्दु-C बिन्दु-D		नियमावली 2021 के अनुसूची I के अनुसार रायल्टी दर (रू0 प्रति घनमीटर)	खनन योग्य आकलित उपखनिज का भण्डार (घन मी0 प्रति वर्ष)	प्रथम वर्ष में आंकलित भण्डार की कुल रायल्टी रूपयों में।(कालम 10 में अंकित घन मी0 प्रथम वर्ष को कालम 9 में अंकित रायल्टी की दर से गुणा करने पर उपलब्ध संकल धनराशि)	आनरेस्ट मनी (कालम 11 में अंकित संकल धनराशि का 25 प्रतिशत)
1	2	3	4	5	6	7	8		9	10	11	12
1.	सा0 बालू	घाघरा	गोला	ग्राम देवईपीपर खण्ड-1	62म	8.60	A 26°21'30.88" N	83°17'52.25" E	80.00	86000	68,80,000	17,20,000
							B 26°21'30.05" N	83°17'53.75" E				
							C 26°21'18.66' N	83°17'48.26' E				
							D 26°21'10.34' N	83°17'58.68' E				
							E 26°21'5.59'N	83°17'55.49' E				
							F 26°21'13.97' N	83°17'44.06' E				
2.	सा0 बालू	घाघरा	गोला	हरिहरपुर एह0	1ह	4.78	A 26°23'08.7'N	83°14'55.1'E	80.00	25000	20,000,00	5,00,000
							B 26°23'05.1'N	83°14'51.1'E				
							C 26°22'59.8'N	83°15'01.0'E				
							D 26°23'03.2'N	83°15'05.0'E				

उक्त ई-निविदा सह ई-नीलामी के सम्बन्ध में नियम एवं शर्तो, ई-निविदा खोलने की तिथि तथा ई-नीलामी की दिनांक, समय व अन्य जानकारी हेतु दिनांक 02. 11. 2026 से दिनांक 10.12.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायं 05.00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय (खनन अनुभाग) गोरखपुर तथा एम0एस0टी0सी0 के वेव पोर्टल www.mstcecommerce.com पर भी देखा जा सकता है।

(दीपक मीणा)
जिलाधिकारी
गोरखपुर

उ.प्र.-259965/दिनांक 30-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

कार्यालय अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

पत्रांक-1723/4 लेखा/2026-27 दिनांक 23-10-2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्योरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से उत्तर प्रदेश, लोक निर्माण विभाग के 'ए, बी, सी एवं डी' श्रेणी के पात्र मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, महराजगंज के अन्तर्गत नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र0 सं0	जिला	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (पूर्ण अंक माह सहित)
1	2	3	4	5	6	7
वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण मार्गो पर विशेष मरम्मत कार्य।						
1	महराजगंज	परतावल चौराहा से नगरौली गाव तक मार्ग	15.10	1.51	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
2	महराजगंज	बड़हरा रानी से जंगल बैरिया (अहमदपुर) मार्ग	13.30	1.33	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
3	महराजगंज	निचलौल बहुआर मार्ग के किमी0 13 से बहुआर खुर्द खास मार्ग	11.00	1.10	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
4	महराजगंज	मिठौरा से भागाटार मार्ग	8.00	0.80	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
5	महराजगंज	निचलौल बहुआर मार्ग के किमी0 13 से बहुआर कला खास मार्ग	11.00	1.10	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह
6	महराजगंज	रानीपुर मझौवा लक्ष्मीपुर कोर्ट मार्ग से अहिरौली मार्ग	18.90	1.89	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
7	महराजगंज	बीजापार कलन्दर टोला सचिवालय तक मार्ग	26.80	2.68	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
8	महराजगंज	पोखरभिण्डा में सुगौली सम्पर्क मार्ग	24.90	2.49	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 944.00	02 माह
9	महराजगंज	सी0एस0एन0टी0एन0 मार्ग से निचलौल कस्बा तक सम्पर्क मार्ग	8.10	0.81	(निविदा मूल्य+स्टेशनरी चार्जेज +जी.एस.टी.) रू0 856.00	02 माह

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दि0 02-11-2026 से 13-11-2026 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 13-11-2026 को दोपहर 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है। इसकी तकनीकी बिड दि0 13-11-2026 को दोपहर 12:30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 13-11-2026 को 12:00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(राजकुमार मिश्रा)
अधिशासी अभियंता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि., महराजगंज

उ.प्र.-259889/दिनांक 29-10-2026 इमेल-upinformataion@nic.in

पलम्बर पर किशोरी को भगा ले जाने का आरोप,मुकदमा दर्ज

गोरखपुर, १ नवम्बर। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में लड़की की मां ने अपने घर आने जाने वाले पलम्बर पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है, पुलिस ने मिली तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर मामले की जांच शुरु कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रामगढ़ताल थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दिये तहरीर में लिखा है कि बेलघाट थाना क्षेत्र निवासी व पलम्बर का काम करने वाला मनीष कुछ वर्ष पूर्व उनके घर में टोटी बनाने आया था,इस दौरान उसकी बातचीत उनकी १६ वर्षीय बेटी से हुई। इस दौरान उन्होंने बेटी से उसके मोबाइल पर बात करते हुए पकड़ा था,तब उन्होंने आरोपी को डांट डपट कर ऐसा दोबारा नही करने की चेतावनी दी थी। आरोप है कि बावजूद इसके उक्त पलम्बर ने गत २७ अक्टूबर को उनकी गैर मौजूदगी में बेटी को अपनी बातों में फंसा कर उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया। महिला के अनुसार ३० अक्टूबर को सोशल मीडिया साइड के माध्यम से लड़की ने उनसे बात की और कहा कि उसे ढूढ़ने की कोशिश नही करें वह अब नही आयेगी। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामगढ़ताल श्यामनंद राय ने बताया कि पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

गोरखपुर, १ नवम्बर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के जमुआड़ गांव के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान मोनू गुप्ता ३० पुत्र श्रीराम गुप्ता निवासी खुटहन थाना खजनी के रुप में किया है। पुलिस ने बताया कि मृतक थाना क्षेत्र सिति प्रतापपुर गांव में अपने किसी रिश्तेदार के घर आया था,सुबह ७ बजे वापस अपने घर जाते समय हादसे का शिकार हो गया। सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर घटनाकारित करने वाले वाहन और चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज : ३, लीडर रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१
दूरभाष : २२०१८७६
फैक्स : २३३१२१२
e-mail-aj gorakhpur@yahoo.com
ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक